# बसंत पंचमी : मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**गुड़ामालानी।** बसंत पंचमी के शुभअवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय नया नगर में ज्ञान-कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति की स्थापना की गई। शरद ऋतु की विदाई के साथ माघ शुक्ल पंचमी ऋतुराज बसंत की आगमन का सूचक है वहीं दूसरी ओर संगीत व विद्या की देवी वीणावादिनी मां सरस्वती के अवतरण का दिन भी है। मां सरस्वती शांति का प्रतीक है, देवी के चार हाथ मन बुद्धि सतर्कता और अहंकार का प्रतीक हैं। सुख एवं समृद्धि का बसंत आप सभी के जीवन में सदैव बना रहे। विधालय के प्रधानाचार्य देदाराम पारंगी व उनकी धर्म पत्नी खोबरागड़े उज्जवला ने विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करवाई। वही आज से 12 साल पहले भी इन्होने गुड़ामालानी के सीनियर सेकेण्डरी विधालय मे प्रधानाध्याक के पद पर रहते हुए स्कुल प्रांगण मे भव्य मंदिर बनाकर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई थी और आज भी वहां पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही पारंगी ने 18 पुराण और 4 वेदो का भी अध्यन कर रखा है और इनके साथ तत्व दर्शन पर चर्चा करने हेतु समय समय पर कई साधु संत भी आते रहते है।पंडित अर्जुनराम गर्ग सिणधरी वाले ने वैदिक मंत्रोच्चारण से विधिवत हवन पूजन कर मां सरस्वती की प्रतिमा विराजमान कराई गई साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया। मूर्ति स्थापना के दौरान सैकड़ो की संख्या मे मौजूद ग्रामीण पुरुष एंव महिला श्रदालुओं व विधालय मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा की गई सरस्वती वंदना व स्तुति के साथ विद्या की देवी माँ सरस्वती स्कुल प्रांगण मे बनाए गए मंदिर मे बिराजमान हुई। इस दौरान जयकारों से विधालय प्रांगण सहित आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देदाराम पारंगी ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होने से विद्या बुद्धि और विवेक की देवी वीणावादिनी मां सरस्वती आप सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश मे आलोकित करें। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का उत्थान होगा।

**मूर्ति स्थापना पर उपस्थित सदस्यगण**

वीणावादिनी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना पर पंचायत समिति सदस्य शांति देवी, संजय सोनी, भगवानाराम गौड़, पूनमगिरी, राजू खान, व्याख्याता मंजू मेघवाल, पंकज कुमार, जगमालराम माचरा, अध्यापक चेनाराम, वरिष्ठ अध्यापक पवन कुमार स्वामी, अध्यापिका प्रवीणा, पार्वती सेवदा, रेणु, पाठशाला शिक्षक हितेंद्र सिंह सोलंकी, बाबूलाल देवासी, मगाराम चौधरी सहित गांव के ग्रामीण महिलाए व विधालय के छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

# नाथ जी दर्शन को निंबावास से चित्तौड़गढ़ को संघ रवाना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** निकटवर्ती निंबावास से चित्तौड़गढ़ बाण माताजी एवं एकलिंग नाथजी दर्शन के लिए दो दिवसीय दर्शन यात्रा के लिए राणावत राजपूत समाज का संघ रविवार को निंबावास से चित्तौड़गढ़ के लिए निंबावास मठ के महंत अमृतनाथ महाराज के सानिध्य में निम्बावास गांव से रवाना हुआ। राणावत राजपूत (गहलोत सिसोदिया) कुल के सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु गांव के ईश्वेश्वर महादेव मंदिर मठ से महादेव के दर्शन कर महंत अमृत नाथ के सानिध्य में ढोल नगाड़ों के साथ क्षेमंकरी माताजी मंदिर दर्शन कर महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। जहां बाण माताजी के जयकारों के साथ, निर्माणाधीन बाण माता मंदिर से बस और गाड़ियों के माध्यम से दर्शन के लिए रवाना हुए। जिसमें मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्रसिंह राणावत, उपाध्यक्ष मेघसिंह राणावत, सचिव रिडमलसिंह, ट्रस्टी मंगलसिंह, सुजानसिंह, जगसिंह, कालूसिंह, सरपंच नारायण सिंह राणावत, गजेंद्रसिंह राणावत, जामतसिंह , हरिसिंह राणावत, सहित बड़ी संख्या में राणावत गहलोत सिसोदिया राजपूत समाज के समाज बंधु बस और गाड़ियों से दो दिवसीय दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि दो दिवसीय दर्शन यात्रा के लिए निंबावास से चित्तौड़गढ़ के लिए बाण माता व एकलिंग नाथजी दर्शन के लिए बसों के माध्यम से समाज बंधुओ का जत्था सैकड़ो की संख्या में चित्तौड़गढ़ पहुंचेगा। दोपहर में सिरोही के सारणेश्वर महादेव जी मन्दिर में दर्शन करेंगे व भोजन प्रसादी ग्रहण करके शाम को चित्तौड़गढ़ माताजी मन्दिर पर भजन संध्या का आयोजन रखा गया है तथा अगले दिन प्रातः हवन के बाद वहाँ से प्रसाद ग्रहण करके एकलिंगनाथ जी दर्शन के लिये रवाना होंगे।कुलदेवी बाणेश्वरी माताजी के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी।

# सांचौर में पुरानी पेंशन योजना को लेकर विरोध



**▶▶ कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना सात फरवरी को**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान के जालोर में कर्मचारियों की पेंशन और भर्ती से जुड़ी मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ 7 फरवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। महासंघ के जिला संयोजक किशनलाल सारण के अनुसार, पिछले 20 वर्षों से केंद्र और राज्य सरकार के लाखों कर्मचारी नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग कर रहे हैं। राजस्थान में वर्तमान में ओपीएस लागू है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से यूपीएस पेंशन योजना लागू किए जाने की घोषणा से कर्मचारियों में चिंता बढ़ गई है। कर्मचारियों की नाराजगी का एक बड़ा कारण खैमराज कमेटी की रिपोर्ट भी है, जिससे उन्हें निराशा हाथ लगी है। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा संविदा पर की जा रही भर्तियां और नियमित सरकारी भर्तियों की कमी भी चिंता का विषय है। सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। महासंघ ने सभी घटक संगठनों से धरने में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि कर्मचारी एकता का प्रदर्शन किया जा सके।

## जालोर में बजरी माफिया के खिलाफ कार्रवाई

■ **रामसीन पुलिस ने टैक्टर-ट्रॉली जब्त की,**

**जालोर।** रामसीन पुलिस ने शनिवार को बजरी माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नदी से अवैध खनन कर परिवहन करते के दौरान एक ट्रैक्टर को जब्त करने के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। रामसीन थानाधिकारी ने बताया कि एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले में बजरी माफियाओं के विरोध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामसीन थाने की टीम ने नदी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर परिवहन करने के दौरान टैक्टर-ट्रोली को जब्त कर लिया। ड्राइवर रामसीन निवासी कालूराम (46) पुत्र चमनाराम घाची को गिरफ्तार किया। एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। कार्यवाही पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल जयंतिलाल और प्रकाश मौजूद रहे।

# रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** रावणा राजपूत समाज की बैठक रविवार को स्थानीय छात्रावास भवन में तहसील स्तरीय बैठक तहसील महासभा अध्यक्ष सोमेश्वरसिंह परिहार की मौजूदगी में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया श्री चामुंडा माताजी मंदिर भीनमाल का वार्षिक उत्सव 16 व 17 मई दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें 16 को हवन और शाम को राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति देंगे । इस दौरान भामाशाहों का सम्मान समारोह व भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। 17 को सुबह शुभ मुहूर्त में ध्वजा कार्यक्रम व प्रसादी का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम हेतु कमेटियों का गठन किया गया है अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नारायण सिंह गहलोत दासपा, छैल सिंह भाटी भागलभीम, सुरेंद्र सिंह परमार भीनमाल, पुख सिंह गहलोत भीनमाल,ओट सिंह परमार कोटकास्ता बनाए गए।

इस बैठक में प्रताप सिंह परिहार, गोपाल सिंह भाटी, बाबू सिंह सोलंकी, मांगू सिंह डाबी, चतर सिंह गोयल, छैल सिंह भाटी भागलभीम, प्रवीण सिंह भाटी दासपां, जितेंद्र सिंह गहलोत दासपां, रिडमल सिंह कुशालपुरा,लाल सिंह भायल भागलभीम, किशोर सिंह गहलोत, जोग सिंह परिहार लेदरमेर, गुमान सिंह परमार, भंवर सिंह दहिया, शैतान सिंह चौहान, पुरूषोतम सिंह गहलोत, धन सिंह राठौड़, जबर सिंह परिहार, मदन सिंह चौहान, जोग सिंह पराडीया, सोहन सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह सांखला, गुमान सिंह देवल, अचल सिंह डाबी, डूंगर सिंह सांखला, बलवंत सिंह सोलंकी, भूपेंद्र सिंह राठौड़, शंकरसिंह चौहान,महेंद्र सिंह डाबी, वीरेंद्र सिंह परिहार, देवी सिंह राठौड़, खुशाल सिंह सांखला, मालम सिंह डाबी, नरपत सिंह सोलंकी, मंगल सिंह गहलोत, गणपत सिंह भाटी, कैलाश सिंह सांखला, प्रताप सिंह सोलंकी, हड़मत सिंह परमार,जालम सिंह भाटी, जबर सिंह सिसोदिया, गुलाब सिंह सांगाना सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भीनमाल : पांच कुण्डीय यज्ञ के साथ बसंत पंचमी का मनाया पर्व



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** शहर के गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पंचमी का पर्व पांच कुण्डीय यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक आहुतियां देकर श्रद्धा ,भक्ति और उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महेश व्यास ने कहा कि विद्या और विनय का पर्व बसंत पंचमी वीणावादिनि देवी सरस्वती के अवतरण का दिवस हैं।बसंत ऋतु की शुरुआत पर प्रकृति खिलखिला उठती हैं।पेड़ पौधे पुष्पित पल्ववित होकर सर्वत्र महक पसारते हैं।यह ऋतु परिवर्तन का संकेत हैं।युग निर्माण योजना के लिए बसंत पंचमी का खास महत्व हैं। महत्वपूर्ण गतिविधियां इस दिन ही आरंभ हुई है । युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को इस दिन आत्मबोध हुआ एवं दीर्घ कालिन तप साधना का आरंभ की।अखण्ड ज्योति का प्राकट्य भी बसंत पंचमी को ही हुआ। यज्ञ शुरुआत से पूर्व देव पूजन, ध्यान और सामुहिक जप हुआ।इस अवसर पर राणमल शर्मा, मोतीलाल सोलंकी, चतुर्भुज राठी, प्रदीप शर्मा, प्रधान पूजारी अनंत प्रसाद वैष्णव,दिनेश भाटी,राजमल घांची, सुमित्रा राजपुरोहित, अर्जुनसिंह राव,मफाराम माली,स्वीटी अग्रवाल, सीमा पाण्डेय, विनोद पाण्डेय,आरजू जैन ,बाबूलाल घांची , भावेश प्रजापत,रिया त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद थे।

# भीनमाल : बसंत पंचमी पर छीपा समाज ने निकाली शोभायात्रा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल में नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा संत शिरोमणि नामदेव महाराज के ज्ञानोदय उत्सव और बसंत पंचमी के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें छीपा समाज के लोगों ने भगवान के भजनों

दूसरे दिन की शुरुआत नामदेव महाराज की महाआरती से हुई। इसके बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो पंच महाजन भवन से शुरू होकर विवेकानंद सर्कल, गणेश चौक, वाराहश्याम मंदिर रोड़ और मालनियों का चौहटा होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में उड़ते गुलाल, भक्ति गीत और लोक नृत्य के बीच रंग-बिरंगी पोशाक में सजे नर-नारियों ने भक्तिमय माहौल बना दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज से आए छीपा समाज के लोगों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज के ज्ञानोदय उत्सव और बसंत पंचमी के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर बाबुलाल, जबराराम, लहरचन्द, प्रकाश , भंवरलाल, नरेश, सुरेश,विनोद, राजेन्द्र, नारायण, मफतलाल, दिनेश, जितेन्द्र, शंकरलाल, नवाराम, उदाराम, शांतिलाल, विशाल,शैलेश, विक्रम, अशोक, महेंद्र, राहुल, जैसाराम, रमेश, धनराज, कैलाश, जवेरचन्द सहित समाज पुरुषो के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही।

# महात्मा ज्योतिबा फुले मार्ग साइन बोर्ड का अनावरण



**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शनिवार को जालोर के हास्पिटल चौराहे से राजेंद्र नगर जाने वाली सड़क पर महात्मा ज्योतिबा फुले मार्ग के साइन बोर्ड का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित किया। इस महापुरुष ने महिलाओं को शिक्षित करने की पहल भी की और समाज सेवा के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। उनकी शिक्षाओं को आज लोगों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग शनिवार को माली युवा संघ की और से महात्मा ज्योतिबा फुले के साइन बोर्ड के अनावरण समारोह में बोल रहे थे।

अनावरण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने कहा कि महापुरुषों की जीवनी को आदि काल से ही याद किया जाता है। नसे प्रेरणा लेकर युवाओं को भी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाजसेवा के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मंच के नाथु सोलंकी सहित माली युवा संघ के सैकडों सदस्य अनावरण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# ज्ञान की उपासना करने वाला देश भारत : चंद्र

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**न्यूज रानीवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपखंड मालवाड़ा के पथ संचलन का प्रारंभ अंबे माता मंदिर से ध्वजारोहण एवं प्रार्थना के बाद हुआ। 7 वाहिनियों के मध्य ध्वज वाहिनी एवं घोष वाहिनी के साथ पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध स्वयंसेवकों का संचलन ठीक 3:30 बजे केर रोड,पुलिस चौकी, वाडा रोड, मुख्य बाजार ,ठाकुर जी मंदिर ,नागेश्वर बाबा मंदिर, आनंद कॉलोनी ,केसरबाग के सामने से होते हुए सभा स्थल उमाजी ओखाजी रा उ मा वि खेल मैदान मालवाड़ा पर जाकर समाप्त हुआ। संचलन के स्वागत के लिए मालवाड़ा नगर के लोगों में अत्यधिक उत्साह देखा गया ।स्थान स्थान पर रंगोलियां बनाकर और पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया। संचलन के बाद आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र सिरोही, प्रांत संयोजक, (कुटुंब प्रबोधन जोधपूर प्रांत) ने कहा कि हिंदू ही समर्थ भारत का निर्माण कर सकता है ।भारत के इतिहास को सतत संघर्षो का इतिहास बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आशा और विश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए हमें समाज परिवर्तन का वाहक बनना है ।

समाजशक्ति को जागृत करने का आवाहन करते हूए संघ के पंच परिवर्तन पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, श्रेष्ठ भारतीय कुटुंब व्यवस्था, और स्व आधारित तंत्र का विकास करने की बात कही ।तरुण अपने कौशल का विकास करते हुए स्वरोजगार का सृजन करें ,ग्राम को अर्थव्यवस्था का मुख्य केंद्र बनाएं । उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति को आगाह किया कि वह अपने परिवार में मोबाइल के विवेक पूर्ण उपयोग की ओर ध्यान दें। पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बाहर आकर व्यवस्थाओं को ठीक करते हुए भारतीय संस्कृति आधारित पर्व और उत्सव मनाने की बात रखी ।उन्होंने कहा कि संघ का कार्य सृजन करना है और इसी सृजनात्मक शक्ति से ही हम भारत मां को परम वैभव तक पहुंचा सकते हैं । कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुनाराम मेघवाल पूरण रहे और अध्यक्षता जिला संघ चालक ,डॉ. किशनलाल जोशी ने की।

# विद्या मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ संस्कार संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्थानीय श्री सुन्धा माता आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक जसवंतपुरा (विद्या भारती) में रविवार को बसन्त पंचमी को लेकर विद्यारम्भ संस्कार यज्ञ एवं सरस्वती पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पण्डित चिराग दवे के वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ यज्ञ आयोजित हुआ। जिसमें अभिभावक प्रतापसिंह देवल जावीया, भगवतसिंह हडमतिया, प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चौहान, आचार्य भूपेन्द्र गर्ग व भलेश टेलर द्वारा आहुतिया अर्पित की। विद्यारम्भ संस्कार ग्रहण करने वाले भैया बहिनो का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा उनको स्लेट दी गई। साथ ही ओउम् लिखने का अभ्यास करवाया गया। प्रधानाचार्य चौहान ने बताया कि हिन्दू धर्म में सोलह संस्कारो का उल्लेख किया गया है। इन सभी संस्कारों का विशेष महत्व है। इनमें से एक संस्कार है विद्यारम्भ संस्कार। यह संस्कार बसन्त पंचमी को करना शुभ माना जाता है। इसको करने से बच्चो में कई तरह के बदलाव आते हैं। सहायक प्रधानाचार्य दीप सिंह देवल ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विद्या, कला और संगीत की देवी है। विद्यारंभ संस्कार के द्वारा बच्चे को पढ़ाई के प्रति उत्साहित किया जाता है। इस संस्कार को करने से बच्चा बड़ा होकर आदर्श और सभ्य बनता है। इस दौरान पूर्व छात्रा हीना माली, अभिभावक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## लीला देवी आदर्श विद्या मंदिर में सरस्वती पूजन



**न्यूज रानीवाड़ा।** लीला देवी आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय मालवाड़ा में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन कर विद्यारंभ संस्कार किया गया। प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद दवे ने बताया कि बसंत पंचमी माँ सरस्वती का पावन दिन है। विद्यारंभ संस्कार सोलह संस्कारों में प्रमुख संस्कार माना गया है। बसंत पंचमी को विद्यारंभ संस्कार प्रारंभ किया जाता है। सरस्वती माता को विद्या की देवी माना गया है। सरस्वती उपासना से साधक विद्यावान बनता है। बसंत पंचमी के दिन से प्रकृति में भी परिवर्तन शुरू होता है। विद्या मंदिर में सरस्वती पूजन, यज्ञ, पाटी पूजन एवं नव प्रवेशित छात्रों का पूजन किया गया। पंडित विनय दवे के आचार्यत्व में मुनेश कुमार ने यज्ञ किया गया। इस अवसर पर लच्छाराम भाटिया, निधि खंडेलवाल, विकास पहाड़िया, लखमाराम, आशा जीनगर, रवीना वैष्णव, ज्योति दवे, अश्विना दवे, चेतना जांगिड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सौर उर्जा से सिंचाई, दो वर्ष में 1214 किसानों ने लगाए प्लांट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जिले में सैकड़ों किसान वर्तमान में खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा पंप संयंत्र (सोलर प्लांट) लगाकर खेतों में बुवाई कर अन्न पैदा कर रहे हैं। पिछले 2 साल में अब तक 1214 किसानों ने अपने खेतों में सोलर प्लांट लगाए हैं। उद्यान विभाग की ओर से पीएम कुसुम कम्पोनेंट बी स्टैंड अलोन सौर ऊर्जा पंप संयंत्र परियोजना के तहत जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए कृषि कनेक्शन नहीं है और वे डीजल से चलने वाले पंप या अन्य यंत्रों पर निर्भर हैं, ऐसे किसानों को सोलर प्लांट अनुदान पर उपलब्ध करवाया जाता है। इससे डीजल पर होने वाले खर्च की बचत होती है। साथ ही ऐसी भूमि जहां पहले सिंचाई नहीं होती थी वहां भी सोलर प्लांट से सिंचाई होने लगी है। इसी का परिणाम है कि ऐसी जमीन जहां पर पहले केवल बारिश के दिनों में ही बुवाई होती थी अब वहां सौर उर्जा से बारिश के अलावा अन्य दिनों में भी बुवाई होने लगी है। हरीश कुमार वर्ष आवेदन स्वीकृत अपात्र 2023-24 1829 758 1071 2024-25 706 456 250 आहोर उपखंड के रेवड़ा कल्ला निवासी हरीश कुमार पुत्र सोनाराम के खेत में बिजली कनेक्शन नहीं होने से अपनी 7 बीघा जमीन पर केवल बारिश के दिनों में ही बुवाई कर पाते थे। कई बार बारिश कम होने या समय पर नहीं होने से बीज-बुवाई के रुपए भी नहीं निकलते थे। उसके बाद खेत में सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर टयूबवेल किया। रबी में रायड़ा, अरंडी सहित अन्य फसलों की सिंचाई करते हैं। इससे हर साल उन्हें करीब 1 अनुदान में राज्य-केंद्र का बराबर हिस्सा, 0.4 हेक्टेयर जमीन जरूरी 2010-11 में शुरू हुई थी योजना जिले के चारा गांव निवासी धनाराम पुत्र उखरडाराम कलबी के करीब 10 से 15 बीघा जमीन सिंचाई की सुविधा नहीं होने से खाली पड़ी रहती थी। धन्नाराम ने सरकारी योजना से अनुदान लेकर यहां पर खेत में सोलर प्लांट लगाया है। उनका कहना है कि प्लांट लगाने के बाद टयूबवेल किया। अब मूंगफली, जीरा, ईसबगोल आदि फसलों की बुवाई कर सिंचाई की जाती है। इससे एक साल में डेढ़ से 2 लाख रुपए की आमदनी होती है। जिले में किसान सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को लेकर जागरूक है। गत साल 758 किसानों के आवेदन स्वीकृत किए थे इस साल अब तक 456 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं।

### देसूरी रेंज के पांच जलस्रोतों पर प्रवासी पक्षियों की गणना

# 20 से अधिक प्रजातियों के पक्षी मिले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** देसूरी रेंज में मध्य शीतकालीन जलपक्षी गणना 2025 के तहत 28 जनवरी से दो फरवरी तक विशेष सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के पांच प्रमुख जलस्रोतों- राणकपुर/सादड़ी बांध, घोड़ाधड़ा बांध, मुठाना, छोड़ा और सेली की नाल बांध पर पक्षियों की गिनती की गई।

क्षेत्रीय वन अधिकारी कानसिंह देवासी के नेतृत्व में हुई इस गणना में पक्षी विशेषज्ञों की टीम ने 20 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की। इनमें लिटिल ग्रेब, ग्रेट और लिटिल कोरमोरेंट, विभिन्न प्रकार के हेरॉन, इग्रेट, स्टॉर्क, आइबिस, ब्राह्मणी डक, कॉमन कूट, किंगफिशर और बारहेडेड गूज जैसे पक्षी शामिल हैं। गणना के दौरान एक रोचक पहलू यह रहा कि कई जलपक्षियों को शिकार करते हुए देखा गया। खाद्य श्रृंखला का यह जीवंत उदाहरण था,



जहां पक्षी आकाश से अपने शिकार पर झपटते नजर आए।

इसके अलावा, बांधों की चट्टानों पर धूप सेंक रहे मगरमच्छ भी दिखाई दिए, जो इस पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता को दर्शाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ जलस्रोतों में पानी की अधिकता के कारण प्रवासी पक्षियों की संख्या कम दिखी, लेकिन आने वाले दिनों में इनकी संख्या में वृद्धि की संभावना है। जिन बांधों से सिंचाई के लिए पानी का उपयोग हो चुका है, वहां पक्षियों की संख्या अधिक पाई गई।

सामाजिकी वानिकी वनमण्डल देसुरी रेंजर कानसिंह राइका ने बताया कि प्रवासी जलपक्षी गणना हरवर्ष भांति इसवर्ष भी देसुरी रेंज के पांच प्राकृतिक जलस्त्रोत पर संपन्न हुई, अरण्य की सभी रेंज से प्राप्त जलपक्षी गणना आंकड़ों के इकट्ठा होने के बाद ही वास्तविक आंकलन हो पाएगा। फिलहाल प्रारंभिक आंकड़ों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक संख्या दर्ज हो रही है।

# 28 फरवरी से शुरू पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ

## मामाजी धाम के गादीपति की अध्यक्षता में तैयारियों पर बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** देसूरी के गुड़ा मांगलियान में आगामी 28 फरवरी से चार मार्च तक विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों को लेकर मामाजी धाम के गादीपति महेंद्र सिंह राणावत की अध्यक्षता में एक आमसभा आयोजित की गई। बैठक में महायज्ञ की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। गादीपति महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित साधु-संत और प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अध्यक्ष भवरलाल माली, उपाध्यक्ष भूराराम सीरवी, कोषाध्यक्ष प्रभुराम सीरवी के साथ मदनलाल माली, डूंगाराम देवासी सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

### दिल्ली से पाली पहुंची सुपर सकर मशीन

# 2200 पीएसआई प्रेशर से खोलेगी बंद सीवर लाइन के जाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली शहर का ऐसा एक भी मोहल्ला नहीं है जहां सीवर लाइन की होदिया ओवरफ्लो न हो रही हो। शिकायतों के कई महीने बाद भी लोगों के समाधान नहीं होते। ऐसी समस्या को देखते हुए एलएंडटी ने अब गाजियाबाद से सुपर सकर मशीन मंगवाई है। छह महीने से चौक सीवर लाइन खोली पाली शहर के वार्ड संख्या 27 के पार्षद रमेश चावला ने बताया कि उनके वार्ड क्षेत्र में गुरलाई मार्ग पर पिछले करीब छह महीने से सीवर लाइन चौक थी। शनिवार को सुपर सकर मशीन से इस जाम सीवर लाइन को खोला जा सका। उन्होंने




बताया कि पहले जो मशीन यहां सीवर लाइन का जाम खोलने के लिए लाई गई थी लेकिन उनकी पॉवर क्षमता कम होने के चलते सीवर लाइन क्लीयर नहीं हो सकी थी।

पूर्व उपसभापति बोले- हमने की थी डिमांड पूर्व उपसभापति मूलसिंह भाटी ने बताया कि शहर की सीवर लाइन चौक होने, होदिया ओवरफ्लो होने की समस्या से अधिकतर शहरवासी परेशान है। इसको लेकर उन्होंने कई बार सीवर लाइन की सफाई के लिए अच्छी क्षमता वाली मशीनें मंगवाने की डिमांड की थी। तब जाकर एलएंडटी ने यह मशीनें मंगवाई है। जिसका फायदा भी दिखने लगा है।

# आदर्श विद्या मंदिर में बसंत पंचमी पर विद्या आरंभ संस्कार संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाली में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या आरंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष मदन सिंह सोलंकी, प्रधानाचार्य हीरालाल कुमावत, सभी आचार्य एवं पंडित धर्मेश ओझा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ हवन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। पंडित धर्मेश ओझा ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके पश्चात छोटे बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार कराया गया। उन्हें स्लेट पर पहला अक्षरक्ष ओम लिखकर शिक्षा का श्रीगणेश कराया गया। अध्यक्ष मदन सिंह ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूर्व ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य हीरालाल कुमावत ने कहा कि विद्या आरंभ संस्कार बच्चों के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आचार्य बाबू सिंह राजपुरोहित, गजेंद्र कुमार, सोहनलाल, तगाराम, नरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, भंवर वर्मा, भंवर मारू, पुष्पेंद्र सिंह, शेषाराम, दीपिका परिहार, गुड्डी सुथार जशोदा गोस्वामी, कांता राजपुरोहित, चित्रा नगर, निधि राजपुरोहित, भरत कुमार, सविता रांगी उपस्थित रहे।



# दो ज्वैलरी शॉप पर चोरों ने बोला धावा

## लोहे के सरियों से तोड़ा शटर





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रायपुर मारवाड़।** ब्यावर जिले के बर में दो ज्वैलरी शॉप पर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने हथियार और लोहे के सरियों से दुकानों का शटर तोड़ कर लाखो के जेवरात चुराए। घटना शनिवार रात 1.42 बजे की है। चोरी का पता सुबह चला जब दुकानदार दुकान खोलने के लिए पहुंचे। दुकानदारों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दुकान के पास लगे सीसीटीवी को खंगाला तो देखा की पांच-छह बदमाश दुकान के बाहर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे है। चोरों ने पहले दुकान का शटर तोड़ कर लगभग तीन किलो चांदी के आभूषण और 35 हजार रुपए की नगदी चुराई। उसके बाद दूसरी दुकान का शटर तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ानी चाहिए और सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने चाहिए। बर थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने में हत्या, चोरी समेत कई आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

## विस्फोटक खाने से गाय घायल

**बाली।** देसूरी उपखंड के उदरथल गांव में गाय के विस्फोटक पदार्थ खाने से उसका जबड़ा बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घायल गाय को नजदीकी पशु अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंह चारण ने बताया-यह घटना शिकारियों या किसानों द्वारा रखे गए पोटेशियम के कारण हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अपनी फसलों को सूअरों से बचाने के लिए या शिकार को आसान बनाने के लिए खेतों में विस्फोटक पदार्थ रखते हैं। सुनसान इलाकों में रखी गई ऐसी खतरनाक सामग्री निर्दोष पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जो इस तरह के खतरनाक पदार्थों को खुले में रखकर पशुओं की जान को खतरे में डाल रहे हैं। गाय की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।



▶▶ गाय का जबड़ा बुरी तरह घायल, शिकारियों द्वारा रखे गए पोटेशियम को खाने की आशंका

# नरेगा श्रमिकों को योगाभ्यास करवाकर योग के लाभ बताएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पालड़ीजोड़ ग्राम पंचायत के नेहरू नगर में ग्राम विकास अधिकारी भरत सिंह परमार के निर्देशन एवं स्थानीय सरपंच महेंद्र सिंह मेवाड़ा के सानिध्य में दो दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिन शनिवार को संस्थान के उद्देश्य आयुर्वेद अपनाओं स्वास्थ्य लाभ पाओं की तर्ज़ पर आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व योग शिक्षक ललित मेघवाल सुमेरपुर ने समस्त मनरेगा श्रमिकों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति एवं असाध्य रोगों के इलाज व योग संबंधी जानकारी दी।

रविवार को दूसरे दिन बसंत पंचमी के उपलक्ष में "करो योग, रहो निरोग" घर-घर योग की तर्ज पर समस्त मनरेगा श्रमिकों को स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों नेहरू नगर पालड़ी जोड़ के प्रांगण में योगाभ्यास करवाया गया। पालडी जोड़ के सरपंच महेंद्र सिंह मेवाडा के सानिध्य में महिला योग प्रशिक्षक संगीता कुमारी एवं कल्पेश आर्य के द्वारा योगाभ्यास करवाया एवं योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। सरपंच मेवाड़ा ने बताया कि पालड़ी जोड़ ग्राम पंचायत की समस्त नरेगा श्रमिकों को आयुर्वेद निदेशालय अजमेर के योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रिया, ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशक, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान अभ्यास करवाया। साथ ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी करवाया गया। राजस्थान मंत्रालय कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश सोनल, हर्षवर्धन सिंह, मनरेगा मेट उषा कुमारी, आयुष नर्सेज महासंघ के सदस्यों आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक भंवरलाल गहलोत ने किया।



▶▶ आयुष नर्सेज महासंघ के बैनर तले दो दिवसीय योग कार्यशाला आयोजित

## चारभुजा मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में अति प्राचीन भारमल नदी के किनारे बने अस्तल चारभूजाजी के मंदिर पर करिबन 400 वर्ष प्राचीन मंदिर के शिखर पर गाजे बाजे के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। आरती कर गांव में खुशहाली की कामना की। इस दौरान चंपालाल वैश्णव, श्यामदास, किशोरदास हरिदास, भगवानदास, उम्मेदमल मालवीय, बालचंद मालवीय, भंवरलाल दर्जी, अशोक कुमार, भरत वैष्णव एवं महिला श्रद्धालुओं के सानिध्य में आयोजित हुआ।



# खेलों को जीवन में अपनाते हुए तंदुरूस्त व फीट रहें : मेवाड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** निंबाड़ा गांव खेल मैदान में आयोजित छह दिवसीय निंबाड़ा प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को मुख्य अतिथि 2023 विधानसभा सुमेरपुर कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, अजहरुद्दीन जोधपुर, निंबाड़ा सरपंच हबीब खान एवं समाजसेवी मुकेश बारोलिया के सानिध्य में आयोजित हुआ।

समस्त ग्राम वासियों की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में पाली, जोधपुर व जैसमलेर से कुल 32 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को खेल खेल की भावना से खेलने की नसीहत दी। जीवन में खेलों को अपनाते हुए स्वस्थ व तंदुरूस्त रहने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि फाइनल मुकाबला कलर 11 दरबारी का गांव जैसलमेर एवं भाम्बोलाई टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कलर इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 162 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी भाम्बोलाई की टीम मात्र 72 रन पर ओला आऊट हो गई। कलर 11 विजेता रही। मुख्य अतिथि हरिशंकर मेवाड़ा सहित अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी एवं उपविजेता भाम्बोलाई टीम को 11 हजार व नकद राशि से नवाजा। समापन समारोह में अमजद भाई, राणाराम गुर्जर, हबीब भाई, गुलाब सोढ़ा, मोबीन भाई, हरिकिशन, मूलाराम, मोहम्मद यासीन, शौकत खान, आरिफ भाई, रजाक सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।



■ निंबाड़ा प्रीमियर लीग का खिताब कलर 11 जैसलमेर ने जीता

# एक हजार तुलसी के पौधे वितरित करने का संकल्प




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र छत्तीस कौम नंदीशाला जाखानगर में करतारपुर साहिब दर्शन यात्रा कर लौटने पर शनिवार शाम को पौधा-रस्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। नंदी शाला सचिव राजेश जोशी ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत के जन्मदिन व करतारपुर साहिब दर्शन के उपलक्ष में नंदी शाला परिसर सुमेरपुर में नीम व पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया साथ ही एक हजार से ज्यादा तुलसी के पौधे वितरण का संकल्प लिया। तुलसीराम जाट ने प्लास्टिक की बाल्टी में तैयार पीपल का रोपण कर आमजन में यूज वेस्ट पर्यावरण बेस्ट का संदेश दिया। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बताया कि जन्मदिन पर सिख धर्म की आस्था का प्रतीक करतारपुर साहिब गुरुद्वारा दर्शन किए जो की पाकिस्तान स्थित है। उनके सहयोगी नरेंद्र कुमार नेतरा जो पूर्व में मलेशिया, नेपाल की यात्रा कर चुके हैं।

करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में गुरु नानक देव ने अपने जीवन के 18 साल बिताए। गौशाला उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल द्वारा पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत व सहयोगी नरेंद्र कुमार को पहली अन्तर्राष्ट्रीय पौधा-रस्म यात्रा की वापसी पर माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पर्यावरण प्रेमी कुमावत ने बताया कि 28 जनवरी से एक फरवरी तक पांच दिवसीय यात्रा में जन्मदिन पर पौधा-रस्म पोस्टर का विमोचन करतारपुर कॉरिडोर भारत परिसर में पौधारोपण किया। अटारी वाघा बॉर्डर, गोल्डन मंदिर अमृतसर, जलियांवाला बाग जगह पर पौधा-रस्म का प्रचार-प्रसार किया। पौधारोपण का अधिक से अधिक प्रचार हो यही जीवन का लक्ष्य है। करतारपुर कॉरिडोर डेरा बाबा नानक पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों को पौधा-रस्म की गतिविधियों अवगत कराया। साथ ही उन्हें बताया की पिछले 15 वर्षों से जन्मदिन अवसर पर पर्यावरण जागरुकता के कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नंदी शाला अध्यक्ष किशोर भाटी, उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, सचिव राजेश जोशी, एक व्यक्ति एक पौधा मिशन पन्नालाल वेराजेतपुरा, समाज सेवी रुपाराम देवड़ा, गौप्रेमी तुलसीराम जाट, सुमेरपुर रेलवे विकास सेवा संस्थान सहसचिव गिरीश शर्मा, नारायण सेवा संस्थान उदयपुर शाखा सुमेरपुर अध्यक्ष नैनमल सोनी, भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ शिवगंज सचिव रमेश चंद्र आगलेचा, डा. सुरेश कुमार, मदनलाल सुथार कोलीवाड़ा, लांयस क्लब सुमेरपुर जवाई कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा, गर्ल्स एजुकेट संस्था प्रेरक प्रकाश कुमार सहित एक व्यक्ति एक पौधा मिशन पर्यावरण प्रेमी व नंदी शाला कार्मिक उपस्थित थे।

# पाली में आरएएस-प्री परीक्षा आयोजित

## कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को दी एंट्री, मन्नत के धागे भी खुलवाएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** रविवार को 42 परीक्षा केंद्रों पर आरएएस प्री परीक्षा का आयोजन हुआ। सुबह परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ लगी नजर आई। सुरक्षा को लेकर पुलिस जाप्ता तैनात दिखा जो कड़ी जांच के बाद एंट्री देता नजर आया।

पाली के बांगड़ स्कूल परीक्षा केंद्र पर दो मिनट देरी से पहुंचने पर तीन अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई। बता दें कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा प्रारंभिक (आरएएस प्री) जिला मुख्यालय के 30, रोहट के तीन, सोजत के पांच एवं फालना शहर में चार परीक्षा केंद्रों सहित कुल 42 परीक्षा केंद्रों आयोजित की गई।



एडीएम व समन्वयक अधिकारी डा. बजरंग सिंह ने बताया कि परीक्षा देने के लिए 13722 अभ्यर्थियों ने पंजीयन करवा रखा है। परीक्षा उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने पर संबंधित उपखंड अधिकारी को अतिरिक्त समन्वयक अधिकारी नियुक्त कर निर्देशित किया है कि वे सोजत, रोहट, बाली में परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पादित करें। निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों को अपने साथ मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर आना होगा।

मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी या अस्पष्ट है, तो अन्य मूल फोटो पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र जिसमें रंगीन और नवीनतम स्पष्ट फोटो हो) लेकर परीक्षा केंद्र पर आना होगा।

# सोमेसर में फिर लौटी सर्दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सोमेसर।** सोमेसर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की सुबह एक बार फिर सर्दी ने दस्तक दे दी। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम साफ रहने और धूप खिलने के कारण लोगों को राहत मिली थी, लेकिन शनिवार की रात से मौसम का मिजाज बदल गया। रविवार की सुबह से ही हल्का कोहरा छाया रहा और सर्द हवाओं ने वातावरण को और भी ठंडा कर दिया। तापमान में गिरावट के कारण लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ा। सुबह से दोपहर 10 बजे तक लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार, अचानक आई इस सर्दी का कारण उत्तरी हवाओं का प्रवाह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में भी ठिठुरन महसूस हो रही है, मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है।



■ सुबह से चल रही सर्द हवाओं से तापमान गिरा, आमजन को महसूस हुई ठिठुरन

## राजसमंद सांसद ने देसूरी नाल में एलिवेटेड रोड का मामला उठाया

**पाली।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने पाली-राजसमंद जिले को जोड़ने वाले देसूरी घाट सेक्शन में एलिवेटेड रोड परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द तैयार करने की मांग उठाई। सांसद ने बताया कि डीपीआर के अनुसार जल्द रोड का निर्माण कार्य शुरू होंगे। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर देसूरी की नाल संबंधित जन समस्या से अवगत कराया था। इसके पश्चात सांसद मेवाड़ द्वारा लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान देसूरी की नाल की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई थी। शनिवार को उनकी मुलाकात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से हुई जिस दौरान पुनः देसूरी की नाल के विषय पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 ई के संबंध में खामियों को दूर करने के साथ-साथ देसूरी की नाल में आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने एवं देसूरी की नाल में टनल, एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर बनाने हेतु स्वीकृति संबंधित विभाग को देना अवगत कराया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अवगत कराया कि डीपीआर का काम जल्द पूरा होगा।

# भाजपा पाली जिला अध्यक्ष सिक्किम राज्यपाल से मिले

▶▶ राज्यपाल का किया सम्मान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** भाजपा के नवनिर्वाचित पाली जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी ने सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से उनके बेडल स्थित माथुर फार्म हाउस पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भंडारी ने राज्यपाल का शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। राज्यपाल माथुर ने भी भंडारी को जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुनील भंडारी ने पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे हर कार्यकर्ता का सम्मान सुनिश्चित करेंगे और पार्टी की विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मुलाकात के दौरान भाजपा के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार चौधरी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल ओझा सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।



## बाली में तेंदुए का आतंक

### बछड़े पर हमला, ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा

**बाली।** बाली क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए ने दहशत फैला दी है। थाने के सामने पुराना कोट बालियान सड़क मार्ग पर तेंदुए ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। घटना बाली-फालना मुख्य सड़क मार्ग से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित सरेल वाला बेरा में हुई। वरदाराम पुत्र डायाराम कुमावत के बाड़े में गाय और बछड़ा बंधे हुए थे। इसी दौरान अचानक वहां एक तेंदुआ आ धमका और बछड़े पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जब शोर मचाया तो तेंदुआ बछड़े को छोड़कर भाग गया। क्षेत्र में यह पहली बार नहीं है जब तेंदुए ने दस्तक दी है। इससे पहले भी कई बार तेंदुए के आने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की जा रही है।



### मुख्यमंत्री ने 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर किया रवाना

# राजस्थान के युवाओं की उम्मीदों को पूरा करेगी राज्य सरकार : शर्मा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति और स्वाभिमान का प्रदेश है। यहां का युवा विश्वास और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान को देश का अग्रणी प्रदेश बनाने के संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार भी युवाओं के सपनों को साकार करने का पूर्ण प्रयास कर रही है। शर्मा ने रविवार को जयपुर में आयोजित 16वीं जयपुर मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मैराथन का आयोजन बहुत आवश्यक है। इससे स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि युवाओं का देश और प्रदेश की उन्नति में अहम योगदान है। राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश शिक्षा, चिकित्सा, खनिज एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर प्रगति कर रहा है।

#### खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अगले वर्ष खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा, जिसमें युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। राज्य सरकार ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और संभाग स्तर पर खेल महाविद्यालय खोलने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन से जिलों में औद्योगिक निवेश आ रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। साथ ही राज्य सरकार 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।श्री शर्मा ने मैराथन विजेताओं को चैक प्रदान कर सम्मानित भी किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम, उपमहापौर जयपुर ग्रेटर पुनीत कर्णावट, मैराथन के आयोजक सुरेश मिश्रा, श्रीमती नीलम मिश्रा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चैयरमेन अनूप बरतरिया, कार्यकारी निदेशक एयू बैंक उत्तम टिबरेवाल सहित बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय धावक और शहरवासी उपस्थित रहे।

**गुजरात में बड़ा हादसा**

# श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, पांच की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घटना गुजरात के डांग की है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे। बचाव और राहत कार्य पूरा हो चुका है।

#### चालक ने बस से नियंत्रण खोया

गुजरात के डांग जिले में रविवार सवेरे तीर्थयात्रियों को ले जा रही निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4.15 बजे हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बस में 48 तीर्थयात्री सवार थे और हादसे में बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए करीब 35 फीट गहरी खाई में गिर गई।

# राजस्थान : कई शहरों में बादल छाने से लुढ़का तापमान



**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बीते दिन राज्य के कई शहरों में बादल छाए रहने से धूप की तीव्रता कम रही, जिससे दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और हल्की ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार कल से प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से 3 और 4 फरवरी को राज्य के कुछ हिस्सों में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटों में राजस्थान के जयपुर, सीकर, अलवर समेत कई शहरों में बादल छाए रहे और दोपहर के बाद ठंडी हवा ने ठंडक बढ़ा दी। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह और शाम के तापमान में भी गिरावट देखी गई, जिससे सर्दी बढ़ गई है। प्रदेश के चित्तौड़गढ़ में सबसे अधिक तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि धौलपुर में 28.7, डूंगरपुर में 28.5, उदयपुर में 27.2, भीलवाड़ा में 27.4, अजमेर में 26.3, कोटा में 26.4, जोधपुर में 27.4, जयपुर में 26, गंगानगर में 24.1 और माउंट आबू में 20 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई और भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, सीकर, गंगानगर, डूंगरपुर, सिरोही, जालौर, करौली, फतेहपुर और अलवर में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 6 डिग्री माउंट आबू में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में राजस्थान के तापमान में हल्की गिरावट बनी रह सकती है।

**अगले दो दिनों में हल्की बारिश का अंदेशा**

3-4 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर, अजमेर, बीकानेर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान बादल छाने से दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है, लेकिन बारिश ज्यादा व्यापक नहीं होगी। हल्की बारिश और ठंडी हवा का असर फसलों पर भी पड़ सकता है। जिन इलाकों में गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलों की खेती हो रही है, अधिक बारिश से फसलों को नुकसान होने की आशंका है।

# 'साइबर ठगों' से ही मिल गया बैंक मैनेजर




- ग्राहकों को लगाया करोड़ों का चूना
- तरीका जानकर पुलिस के होश उड़े

**हनुमानगढ़।** राजस्थान समेत देशभर में साइबर फ्रॉड तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठग नित नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की गाढ़ी कमाई को अपनी जेब में डाल रहे हैं। बैंक ग्राहकों को ऑनलाइन बैंकिंग करते समय तमाम तरह की सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन जब कोई बैंक मैनेजर ही साइबर ठगों से मिल जाए तो ग्राहक क्या करेगा। यह कोई लफ्फाबाजी नहीं है बल्कि हकीकत है। हनुमानगढ़ पुलिस ने 27 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड के मामले में एक बैंक मैनेजर को गिरफ्तार किया है। वह साइबर ठगों से मिला हुआ था।

#### रुपए निकलवा देता था

पुलिस की ओर से खाता होल्ड करवाने के बावजूद बैंक मैनेजर रकम निकलवा देता था। हनुमानगढ़ जिले में साइबर ठगी के मामले में पहली बार किसी बैंक मैनेजर की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस बैंक मैनेजर और पांचों ठगों से पूछताछ में जुटी है। पूछताछ में गैंग के अन्य सदस्यों का खुलासा हो सकता है। आरोपियों में से एक की मां सफाई बैंक में कर्मचारी का काम करती है।


#### 27 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

हनुमानगढ़ साइबर थानाधिकारी हनुमानाराम बिश्नोई ने बताया कि 29 जनवरी को जिला पुलिस ने 27 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का खुलासा किया था। इस मामले पुलिस ने पांच साइबर ठगों आकाशदीप, आदित्य, जाकिर हुसैन, कैलाश खीचड़ और निर्देश बिश्नोई को गिरफ्तार किया था। पुलिस को इस गैंग के पास विभिन्न बैंकों की 60 पासबुक, 11 मोबाइल फोन, 8 सिम कार्ड, रबड़ की सात फर्जी मोहरों समेत बैंक संबंधित अन्य कागजात मिले थे।

#### बैंक खाता खोल देता था मैनेजर

इस गैंग ने 27 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की थी। उसमें से पुलिस ने एक करोड़ रुपए बैंक में होल्ड करवाए थे। इन पांचों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे प्रलोभन देकर लोगों के बैंक खाते खुलवाते थे और साइबर फ्रॉड करते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि इंडियन ओवरसीज बैंक हनुमानगढ़ जंक्शन शाखा का मैनेजर सोनू वर्मा साइबर ठगों से मिलीभगत कर ग्राहक की अनुपस्थिति में बैंक खाता खोल देता था। उससे साइबर ठग करोड़ों रुपये ठगी करते थे।

# बीकानेर में भूकंप के तेज झटकों से थरथराई धरती




**बीकानेर।** बीकानेर में रविवार दोपहर ठीक एक बजे भूकंप का तगड़ा झटका महसूस हुआ। भूकंप के कारण जमीन हिलने का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। नोखा और लूणकरनसर में भी भूकंप का अहसास हुआ। घरों में लगे सीसीटीवी में भूकंप के झटकों के कारण हिलते हुए वाहनों के फुटेज दर्ज हुए हैं। मौसम विभाग ने बीकानेर में आए इस भूकंप की पुष्टि की है। राहत की बात यह है कि भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क हैं। भूकंप की तीव्रता और इसका केंद्र बिंदु अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप के झटकों के बाद लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। अगर दोबारा झटके महसूस हों तो तुरंत खुले स्थानों पर चले जाएं और इमारतों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने और सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

### पुलिस का जीरो टॉलरेंस अभियान

# हेरोइन और अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 ग्राम हेरोइन और एक किलो 224 ग्राम अफीम बरामद की है। यह कार्रवाई जिले के संगरिया और पीलीबंगा थाना क्षेत्रों में की गई। पुलिस थाना संगरिया के उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह की टीम ने नरेंद्र होम्स रोड, रतनपुरा के पास से पंजाब के मुक्तसर जिले के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी मनप्रीत उर्फ प्रीत (28) और परमजीत उर्फ पम्मा (34) के पास से 63.53 ग्राम हेरोइन और एक कार जब्त की गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी कड़ी में जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र में पुलिस उपनिरीक्षक सुमन की टीम ने पीलीबंगा-गोलूवाला रोड पर जोधपुर निवासी रामनिवास (36) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलो 224 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि हनुमानगढ़ जिले में डीआईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देशन में नशा तस्करी, अवैध हथियार, जुआ, सट्टा और क्रिकेट बुकी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वांछित अपराधियों, स्थायी वारंटी और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित की गई है। बहरहाल हनुमानगढ़ पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।



# देश का पहला एआई विश्वविद्यालय महाराष्ट्र में बनेगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने कहा है कि देश का पहला कृत्रिम मेधा (एआई) विश्वविद्यालय राज्य में स्थापित करने की योजना बनाने एवं इसके कार्यान्वयन के लिए कार्यबल का गठन किया गया है। शेलार ने शनिवार शाम को कहा कि यह विश्वविद्यालय एआई और इससे संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा तथा उत्कृष्टता का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उद्योग, शिक्षा एवं सरकार के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। शेलार ने कहा कि कार्यबल में शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एआई शिक्षा, शोध और नवोन्मेष पर केंद्रित संस्थान बनाने की दिशा में काम करेगा।

# मुंबई में ऋषि सुनक ने खेला क्रिकेट




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को दक्षिण मुंबई में पारसी जिमखाना का दौरा किया और क्रिकेट का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे बहुत बार आउट नहीं हुए। उन्होंने इसे सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'मुंबई की कोई भी यात्रा टेनिस बॉल क्रिकेट के खेल के बिना पूरी नहीं होती।'

**'मैं आज आउट नहीं हुआ'**

इस दौरान ऋषि सुनक ने संवाददाताओं से कहा, 'पारसी जिमखाना क्लब की वर्षगांठ समारोह में आप सभी के साथ होना बहुत अच्छा लगा। क्या असाधारण उपलब्धि है। इतना इतिहास और इतना रोमांचक खेल। मैं आज सुबह बहुत बार आउट नहीं हुआ'। उन्होंने कहा कि वे इस तरह के और दौरे की उम्मीद कर रहे हैं।

**1885 में पारसी जिमखाना की स्थापना**

प्रतिष्ठित पारसी जिमखाना की स्थापना 25 फरवरी 1885 को सर जमशेदजी जीजीभॉय के संस्थापक अध्यक्ष और जमशेदजी टाटा के चेयरमैन के रूप में की गई थी। यह 1887 में सुरम्य मरीन ड्राइव के साथ अपने वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित हो गया।

# तस्कर को ढूंढने पुलिस पांच राज्य पार कर पहुंची उड़ीसा



### 2000 किमी की दूरी नापकर दबोचा

#### ओड़िसा पहुंची पुलिस

पिछले दिनों झुंझुनूं पुलिस ने हरियाणा के झोझू थाना इलाके के नौरंगाबास जाटान निवासी सुभाष जाट को पकड़कर उससे अवैध से छिपाकर रखा गया 200 किलो गांजा बरामद किया था। उसने पूछताछ में बताया कि वह यह गांजा ओड़िसा से लेकर आया था। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर सुलताना एसएचओ रवींद्र सिंह अपनी टीम के साथ करीब 2000 किलोमीटर दूर पांच से ज्यादा राज्यों को पार करके ओड़िसा पहुंच गए।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** आपने फिल्मों में सुना होगा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं। यह केवल फिल्मी डायलॉग ही नहीं है बल्कि हकीकत भी है। पुलिस अगर अपने पर आ जाए तो वह अपराधी को कहीं भी ढूंढकर ला सकती है। इसका ताजातरीन उदाहरण झुंझुनूं जिले में सामने आया है। झुंझुनूं की सुलताना पुलिस यहां से करीब 2000 किलोमीटर का सफर तय कर ओडिसा जाकर वहां से गांजा तस्कर को पकड़कर लाई है। हैरानी की बात यह है कि सुलताना की यह पुलिस ना तो उड़िया भाषा जानती है और ना ही वहां के रास्ते। फिर भी पुलिस ने ओडिसा के इस तस्कर को वहां के जंगलों में पीछाकर पकड़ा है। इस तस्कर को पड़कने के लिए सुलताना एसएचओ रवींद्र सिंह ने करीब चार दिनों तक ओड़िसा के रायगडा जिले के पदमपुर थाना इलाके में अपनी टीम के साथ डेरा डाले रखा। बाद में ओड़िसा पुलिस के ही एक एएसआई की मदद से आरोपी को पकड़ने में कामयाब हो गए। पकड़ा गया गांजा तस्कर ओडिसा के कन्दा अम्बूकलां गांव का दास माझी (26) है। दास माझी गांजे की खेती करता है। वह ना केवल हरियाणा और राजस्थान, बल्कि पश्चिम बंगाल, केरल आदि राज्यों में भी अपने मजबूत नेटवर्क के जरिए गांजा बेचता है।

# गढ़चिरौली में माओवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी है। माओवादियों को शक था कि व्यक्ति पुलिस का मुखबिर था। पुलिस ने बताया कि घटना गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील के किएर गांव की है। जहां रविवार की सुबह माओवादियों ने एक व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान किएर गांव निवासी सुखराम मडावी के रूप में हुई है। पुलिस को शव के पास से एक पर्चा मिला है, जिसमें माओवादियों ने दावा किया गया है कि मृतक पुलिस का मुखबिर था और इलाके में पुलिस को नए शिविर खोलने में मदद कर रहा था। गढ़चिरौली में आम नागरिक की हत्या की यह पहली घटना है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर दुर्घटना, पांच घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर रविवार को हुए एक हादसे में पांच लोग घायल हो गए। दरअसल एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 प्रस्थान क्षेत्र में एक मर्सिडीज-बेंज कार ने गेट नंबर तीन के सामने रैंप पर खड़े लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि कार यात्रियों को गेट नंबर एक पर छोड़कर वापस जा रही थी। उसी दौरान ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और वह गेट नंबर तीन पर रैंप से टकरा गई। जिससे रैंप पर खड़े पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। फिलहाल पांचों घायलों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हादसे के वक्त ड्राइवर नशे में नहीं था। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।



# आभूषण लूट के पांच आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक आभूषण की दुकान से 71 लाख रुपए के सोने के आभूषणों की लूट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा श्रृंगी ने बताया कि पुलिस ने गिरोह से 23.39 लाख रुपए का कीमती सामान बरामद किया गया है। बता दें कि बीते महीने 10 जनवरी को वसई इलाके में कुछ हथियारबंद बदमाशों ने एक आभूषण की दुकान में घुसकर दुकान मालिक को बंदूक की नोक पर धमकाया और उसकी पिटाई कर 71 लाख रुपए के 949.55 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिए थे। पुलिस ने मामले की जांच के लिए करीब 600 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी और विभिन्न जानकारी के आधार पर दो मुख्य आरोपियों को पकड़ा। उनकी पहचान अनुज गंगाराम चौगुले और रॉयल उर्फ रॉय एडवर्ड सेक्वेरा के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने सतारा से दो और आरोपियों को पकड़ा और फिर सोलापुर के एक जौहरी को कर्नाटका से गिरफ्तार किया।

# बीएचयू में आज विज्ञान का प्रदर्शन

**वाराणसी।** वसंत पंचमी और स्थापना दिवस पर आईआईटी बीएचयू अपनी झांकी में एयरोनॉटिक्स, मकड़ा ड्रोन, रोबोटिक्स, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस के कई क्षेत्रों से नवाचारों का एक संग्रह पेश करेगा। डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रोफेसर राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार सवेरे 10 बजे राजपुताना क्रॉसिंग से संस्थान की झांकी का जुलूस शुरू होगा, जो संस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए 4 किमी तक चलेगा। एरो मॉडलिंग क्लब द्वारा इंटर आईआईटी ड्रोन सहित कई उन्नत ड्रोन प्रोटोटाइप का अनावरण किया जाएगा। इसमें एक फॉल्ट-टॉलरेंट कंट्रोल सिस्टम है, जो मोटर विफलता के बाद भी ड्रोन की स्थिरता, लैंडिंग या रिटर्न-टू-लॉन्च को सुनिश्चित करता है। एक अन्य प्रमुख ड्रोन, डिलीवरी ड्रोन, एक स्वायत्त यूएवी है, जो वेपॉइंट्स के बीच पैकेजों को ट्रांसपोर्ट करता है। पेलोड प्लेन भारी भार को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें उच्च स्थिरता और दक्षता है, जो बड़े पैमाने पर परिवहन की क्षमता रखता है।

# टोल बचाने के चक्कर में बस चालक ने टोल कर्मचारी का पैर कुचला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम एलिवेटेड राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव घामडोज में बने टोल पर हरियाणा रोडवेज के बस चालक ने टोलकर्मी का पैर कुचल डाला है। घायल टोल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, भोंडसी पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार की शाम को हरियाणा रोडवेज की एक बस गुरुग्राम से सोहना की ओर आ रही थी। बस गुरुग्राम डिपो की थी। जब बस एलिवेटेड राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने घामडोज टोल बैरियर पर पहुंची तो चालक ने टोल बचाने के चक्कर में टोल कर्मचारी के ऊपर बस चढ़ा दी। बस के आगे टोल गेट नम्बर 3 पर कार खड़ी थी, जिसका चालक टोल टैक्स कटवा रहा था। जैसे ही कार टोल को पार करने के लिए आगे चली तो उसके पीछे बस चालक ने अपनी बस को दौड़ा दिया था। बस चालक ने टोल न कटवाने के चक्कर में बस को तेजी से निकालते हुए सामने खड़े टोलकर्मी के पैर पर चढ़ा दिया। जिससे टोलकर्मी दलीप चौधरी 31 वर्षीय नीचे गिर गया। जिसका दाहिना पैर बस के कुचलने से खून से लथपथ हो गया। बस चालक अपनी बस को भगाकर ले गया। घायल टोलकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके दाहिने पैर की हड्डी पूरी तरह से कुचल गई। टोल अधिकारी मोहनसिंह ने बताया कि बस चालक ने सिर पर सफेद पट्टी बांधी हुई थी।



